# दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

## मुख्य विषय

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मंत्री श्री विश्वास सारंग की उपस्थिति में पांच दिवसीय '8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप' का भव्य शुभारंभ।

- राजस्थान में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम- 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने बढ़ाया मान।

- जर्मन फुटबॉल कोच डाइटमर बायर्सडॉर्फर की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात

- कोलार स्टेडियम में खेल गतिविधियाँ शुरू


दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक भास्कर,भोपाल

दैनिक भास्कर भोपाल 27-11-2025

वाटर स्पोर्ट्स के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री बोले-

## एमपी वाटर स्पोर्ट्स का हब बनेगा, हम हर सुविधा देंगे



विशेष संवाददाता | भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब में आयोजित 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मप्र को वाटर स्पोर्ट्स का हब बनाएंगे। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक दक्षता का मुख्य हिस्सा माना जाता था और आज यही परंपरा वाटर स्पोर्ट्स के रूप में नई ऊंचाइयां छू रही है। उन्होंने कहा कि रोइंग में तकनीक, संतुलन, धैर्य और फोकस- चारों का असली परीक्षण होता है और प्रदेश के लिए इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप की मेजबानी एक गर्व का अवसर है।

### बड़े तालाब पर युवा जोश का समागम

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री द्वारा चैंपियनशिप की घोषणा के साथ हुई। 23 राज्यों से आए करीब 500 खिलाड़ियों ने देशभक्ति गीतों की धुनों पर आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री के आगमन पर उन्हें चैंपियनशिप कैप पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# CENTRAL CHRONICAL,BHOPAL

Central Chronicle Bhopal, Thursday, November 27, 2025

## CM Yadav inaugurates National Rowing Championship in Bhopal



**Bhopal:** Chief Minister Dr. Mohan Yadav officially inaugurated the 8th Inter-State Challengers and 45th Junior National Rowing Championship at the Boat Club on Upper Lake. Addressing the assembly, CM Yadav declared that hosting the prestigious event was a matter of "pride and joy" for the state government, underscoring its commitment to the all-round development of youth and the promotion of a strong sports culture.

### Upholding ancient sports tradition

Dr. Yadav connected water sports to India's ancient tradition, where rowing and water training were vital for discipline, balance, and strategic skill. He praised the modern form as a true test of technique, endurance, and focus. The Chief Minister noted that under PM Narendra Modi's leadership, a highly conducive environment for sports has flourished nationwide. He highlighted Madhya Pradesh's contribution to national pride, citing the state's success and medal wins in water sports at the Asian Games and other major platforms like Khelo India.

The championship saw nearly 500 players from 23 States participating in a march-past. Sports Minister Shri Vishvas Sarang and Bhopal Mayor Smt. Malti Rai were also present. CM Yadav encouraged visiting players to explore the art, culture, and tourist sites of Madhya Pradesh during the four-day event.

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक जागरण,भोपाल

## मुख्यमंत्री ने किया 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ




फोटो : एचसी वर्मा

भोपाल, खेप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। इस अवसर पर खेल मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय उपस्थित रहीं। यह 4 दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी।


www.dainikjagranmpcg.com
27 Nov 2025 - Page 10
दैनिक जागरण

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# दी टाइम्स ऑफ़ इंडिया,भोपाल

## Junior Nat'l Rowing Championship begins

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** CM Mohan Yadav on Wednesday inaugurated the 8th Inter-State Challengers and 45th Junior National Rowing Championships at the Boat Club at Upper Lake here.

Yadav declared the championships open and observed a march past by about 500 athletes from 23 participating states to the tunes of patriotic songs. The CM said the state govt was committed to the all-round development of youth and the sports. "The department is conducting various activities to promote a sports culture in the state."

He noted that in ancient Indian culture sports were not merely a means of entertainment but also of discipline, balance and mental toughness, and that rowing, swimming and water training formed an important part of strategic and physical fitness.



CM Mohan Yadav inspects a march past by athletes

He added that hosting the rowing championship was a matter of pride and joy for the state govt.

He highlighted that Madhya Pradesh had brought glory to the country by winning medals in water sports at prestigious international platforms like the Asian Games.

The CM encouraged the participating athletes to experience the art, culture and flavours of Madhya Pradesh and to visit the tourist destinations around Bhopal.

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव और मंत्री विश्वास सारंग ने किया नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

## खेल विभाग के लिए आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने योग्य: सीएम

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



**भोपाल.** खेल विभाग के लिए आज का दिन स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज होने योग्य है। हमारी सरकार सभी खेलों और खिलाड़ियों को लगातार प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है और यह राज्य की बढ़ती खेल क्षमता का प्रमाण है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के ऐतिहासिक अपर लेक पर बुधवार को 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स रोइंग चैंपियनशिप एवं 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करते हुए कही। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा 26 से 30 नवंबर तक आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में देशभर के विभिन्न राज्यों के प्रतिभावान रोअर्स हिस्सा ले रहे हैं।

उन्होंने बताया कि रोइंग और जल क्रीड़ा में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन हमेशा उत्कृष्ट रहा है और प्रदेश कई बार राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव पा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चैंपियनशिप में भी हमारे खिलाड़ी श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि खेलों को नई ऊर्जा देने और विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार सतत प्रयासरत है। मध्यप्रदेश को देश का प्रमुख स्पोर्ट्स हब बनाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है।

इस मौके पर सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी राज्यों के खिलाड़ियों द्वारा रोइंग की प्रस्तुति देकर किया गया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संचालक राकेश गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएस. यादव, विभागीय अधिकारी, विभिन्न राज्यों से आए दल प्रमुख, कोच, तकनीकी अधिकारी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी राज्य के लिए गर्व का विषय: मंत्री

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि राष्ट्रीय रोइंग चैंपियनशिप और इंटर स्टेट चैलेंजर्स जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना राज्य के लिए गर्व का विषय है। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में आधुनिक खेल संरचनाओं और नए स्टेडियम की योजनाएं जल्द ही साकार होंगी, जिससे प्रतिभावान खिलाड़ियों को व्यापक मौके मिलेंगे। चैंपियनशिप में देशभर के 22 राज्यों से लगभग 500 युवा रोअर्स प्रतिभागिता कर रहे हैं। खिलाड़ी इंटर-स्टेट एवं जूनियर दोनों श्रेणियों में अत्याधुनिक रोइंग बोट्स के माध्यम से अपनी क्षमता का परिचय दे रहे हैं। अपर लेक का विशाल, शांत एवं मानक जल क्षेत्र प्रतियोगिताओं को और अधिक रोमांचकारी बना रहा है।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# अमर उजाला,भोपाल



## 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आगाज

अमर उजाला ब्यूरो

**डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के बड़ा तालाब में किया उद्घाटन, मार्च पास्ट का अवलोकन किया**

**खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा- अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का सबसे सशक्त माध्यम हैं खेल**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर आठवीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम है।

**23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ी दिखाएंगे दम**

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को मानसिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के उद्घाटन की घोषणा की। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया।

राजधानी के बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब पर बुधवार को 8वीं इंटर स्टेट चैलेंज और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते सीएम डॉ. मोहन यादव। अमर उजाला

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# FREE PRESS, BHOPAL



offgrid

## Sports means of discipline, balance and mental strength: Mohan Yadav

**Nearly 500 players from 23 states take part**

Our Staff Reporter

BHOPAL

Chief Minister Mohan Yadav has said that in the ancient tradition of India, sport was not viewed only as recreation but also as a means of discipline, balance and mental strength.

"In earlier times, rowing, swimming and water training were considered an important part of strategic and physical skill. The same tradition appears today before us as watersports. It is a field in which technique, endurance and focus are tested in a real sense," said the Chief Minister.

He was addressing the gathering at the Boat Club on Upper Lake on Wednesday during the inauguration of the four-day '8th Inter-State Challengers and 45th Junior National Rowing Championship'. Nearly 500 players from 23 States, marched to the patriotic tunes at the event.

The Chief Minister encouraged players from various States participating in the championship to experience the art, culture and tastes of Madhya Pradesh and to visit the tourist sites around Bhopal.

CM Mohan Yadav waves during inauguration of 8th Inter-State Challengers and 45th Junior National Rowing Championship at Upper Lake in Bhopal on Wednesday.

epaper.freepressjournal.in

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# THE HITAVADA, BHOPAL

TheHitavada

## CM inaugurates 8th Inter-state Challengers and National Rowing C'ship

■ Staff Reporter



Chief Minister Dr Mohan Yadav addressing the gathering at the venue.

CHIEF Minister Dr Mohan Yadav has said that the State Government is fully committed to the all-round development of the youth. He stated that the Sports Department is continuously working to promote a strong sports culture across Madhya Pradesh.

In India's ancient tradition, sports were not just a means of entertainment but a source of discipline, balance, and mental strength. Activities like rowing, swimming, and water training were once considered crucial for physical and strategic excellence.

That same tradition lives on today in the form of modern water sports, which truly test technique, endurance, and focus. Dr Yadav said that hosting the Rowing Championship is a matter of great pride and joy for the state. He was addressing the inaugural program of the 8th Inter-State Challengers and 43th Junior National Rowing Championship, held on Wednesday at the Boat Club on Bhopal's Upper Lake.

The Chief Minister officially declared the championship open. He witnessed the impressive march-past presented by nearly 500 athletes from 23 states, performed to patriotic tunes. On his arrival, Dr Yadav was welcomed with a ceremonial cap. Sports and Youth Welfare Minister Vishwas Sarang, Mayor Malti Rai, officials and sports enthusiasts were present on the occasion.

Dr Yadav said that under the leadership of Prime Minister Narendra Modi, a strong and encouraging environment for sports has been created across the country. India is consistently achieving success in international competitions. Madhya Pradesh has also brought pride to the nation by winning medals in prestigious platforms like the Asian Games in water sports. This year, athletes from the state have performed exceptionally well in the 38th National Games, Khelo India, and the Water Sports Festival.

The Chief Minister also encouraged the young players visiting from various states to explore the rich art, culture, cuisine, and nearby tourist destinations of Madhya Pradesh during their stay in Bhopal.

Sports and Youth Welfare Minister Vishwas Sarang said that this four-day rowing championship will establish itself as the Kumbh of Water Sports. He added that under the leadership of Chief Minister Dr Yadav, the State Government is making strong efforts to promote sports, athletes, and sporting infrastructure throughout Madhya Pradesh. Activities are also being conducted for national and international-level knowledge exchange related to advanced training for players. Coaches and athletes from various states were present during the programme.

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# स्वदेश,भोपाल

स्वदेश

भोपाल - संस्करण

27 Nov 2025

23 राज्यों के 500 खिलाड़ियों के साथ 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप शुरू

## खेल अनुशासन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम : डॉ. यादव





लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# पीपुल्स,भोपाल

## सीएम बोले- प्रदेश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार है प्रतिबद्ध

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बोट क्लब में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ**



भोपाल / खेल संवाददाता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के बड़े तालाब बोट क्लब में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास और खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों के मार्च पास्ट का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स में तकनीक, सहनशीलता और फोकस का परीक्षण होता है और राज्य के लिए इसे आयोजित करना गर्व का विषय है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह चार दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप वॉटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगी। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी और कोच मौजूद रहे।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# स्वदेश ज्योति,भोपाल



स्वदेश ज्योति

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

## प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

- रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना राज्य के लिए गर्व का विषय
- 23 राज्यों के 500 खिलाड़ियों ने देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत किया मार्च पास्ट

खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# स्वतंत्र समय,भोपाल

मुख्यमंत्री ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

## रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना राज्य के लिए गर्व का विषय : सीएम

■ स्वतंत्र समय, भोपाल ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- राज्य सरकार युवाओं के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए है।



सीएम यादव ने कहा-पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री के

### पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना है। भारत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मप्र ने वॉटर स्पोर्ट्स में एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इसी वर्ष हुए 38वें नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीएम डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित चैंपियनशिप में शामिल होने आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश की कला-संस्कृति और स्वाद से रू-ब-रू होते हुए भोपाल के आसपास स्थित पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए भी प्रेरित किया।

आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# सुबह सवेरे,भोपाल

सुबह सवेरे
A Daily News Magazine
27 Nov 2025 - Page 1

मुख्यमंत्री ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

## प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री



भोपाल (नप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण

- **रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना राज्य सरकार के लिए गर्व का विषय**

हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की। उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर श्रीमती मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों के लिए बेहतर माहौल बना है। भारत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। मध्यप्रदेश ने वॉटर स्पोर्ट्स में एशियन गेम्स जैसे प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। इसी वर्ष हुए 38वें नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया, वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टीवल में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में आयोजित चैंपियनशिप में शामिल होने आए विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश की कला-संस्कृति और स्वाद से रू-ब-रू होते हुए भोपाल के आसपास स्थित पर्यटन स्थलों के भ्रमण के लिए भी प्रेरित किया।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह 4 दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल-खिलाड़ी और खेल मैदान को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में प्रयास कर रही है। खेलों और खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण के संबंध में राष्ट्रीय के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज एक्सचेंज के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कोच तथा खिलाड़ी उपस्थित थे।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित

समाचार पत्र

# नईदुनिया,भोपाल



भोपाल, 27 नवंबर 2025

नईदुनिया

खेल 11

## भोपाल में 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# नवदुनिया,भोपाल



भोपाल

## आठवीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप शुरू

500

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल



8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आगाज

पत्रिका

23 राज्यों के 500 खिलाड़ी शामिल हुए इस चैंपियनशिप में

देशभक्ति गीतों की धुनों पर मार्च पास्ट।

04 दिन लहरों पर युवाओं की प्रतिस्पर्धा।

## ताल की लहरों से रफ्तार का मेल

भोपाल @ पत्रिका. राजधानी में बड़ा तालाब स्थित बोट क्लब पर बुधवार को 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स व 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आगाज हुआ। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ करते हुए कहा, सरकार युवाओं के बहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वॉटर स्पोर्ट्स में तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है। राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी गर्व का विषय है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा, चार दिनी चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# हरिभूमि,भोपाल


मुख्यमंत्री ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

## प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : डॉ. यादव


दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# नवभारत,भोपाल

# खेलों को बढ़ावा देने सरकार प्रतिबद्ध

## मुख्यमंत्री ने 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का किया शुभारंभ

**भोपाल, 26 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार युवाओं के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है. खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है.**



भारत की प्राचीन संस्कृति में खेल केवल मनोरंजन नहीं बल्कि अनुशासन, संतुलन और मानसिक दृढ़ता का माध्यम माने गए हैं. पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था. वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है. इसमें तकनीक, सहन शक्ति और फोकस का वास्तविक परीक्षण होता है. राज्य सरकार के लिए रोइंग चैंपियनशिप की मेजबानी करना गर्व और आनंद का विषय है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित बोट क्लब पर 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स और 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे.

> खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि यह 4 दिवसीय रोइंग चैंपियनशिप, वॉटर स्पोर्ट्स के कुंभ के रूप में स्थापित होगी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार खेल-खिलाड़ी और खेल मैदान को प्रोत्साहित करने के लिए संपूर्ण प्रदेश में प्रयास कर रही है. खेलों और खिलाड़ियों को आवश्यक प्रशिक्षण के संबंध में राष्ट्रीय के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नॉलेज एक्सचेंज के लिए गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के कोच तथा खिलाड़ी उपस्थित थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चैंपियनशिप के शुभारंभ की घोषणा की. उन्होंने चैंपियनशिप में शामिल 23 राज्यों के लगभग 500 खिलाड़ियों द्वारा देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुत मार्च पास्ट का अवलोकन किया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आयोजन स्थल पहुंचने पर उन्हें कैप लगाकर स्वागत किया गया. इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय सहित अधिकारी एवं खेल प्रेमी विशेष रूप से उपस्थित थे.

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# नवदुनिया,भोपाल



## मप्र फेंसिंग अकादमी के मोहित श्रीवास ने स्वर्ण पदक जीतकर लहराया परचम

प्रतियोगिता ● खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# राज एक्सप्रेस,भोपाल

## नीरू ढांडा ने जीता चौथा स्वर्ण पदक

जयपुर, एजेंसी : ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा और आदित्य भारद्वाज ने बुधवार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों (केआइयूजी) में गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी को शाटगन के चारों पदक दिलाकर क्लीन स्वीप किया जबकि उनके साइक्लिस्ट एथलीट ने दोनों व्यक्तिगत रोड रेस खिताब जीते। मौजूदा एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने 47 के फाइनल स्कोर के साथ लगातार चौथा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। मनीषा कीर (39) और नंदिका सिंह (30) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। तीनों ने मिलकर 344 के स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। नीरू ने पहली बार 2020 में खेलो इंडिया युवा खेलों में हिस्सा लिया था, जिसमें उन्होंने रजत पदक जीता था। तब से यूनिवर्सिटी खेलों में उनका दबदबा रहा है।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# नवदुनिया,भोपाल

## खेलो इंडिया : मप्र की ट्रैप निशानेबाज नीरू ने जीता स्वर्ण, मनीषा को रजत

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश शूटिंग अकादमी की ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा ने बुधवार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों में स्वर्ण पदक जीता। वहीं निशानेबाज मनीषा कीर ने रजत पदक अर्जित किया। मौजूदा एशियन निशानेबाजी चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता नीरू ने 47 के फाइनल स्कोर के साथ लगातार चौथा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। मनीषा (39) और नंदिका सिंह (30) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। तीनों ने मिलकर 344 के स्कोर के साथ टीम स्वर्ण पदक भी जीता। मध्यप्रदेश जूडो अकादमी की खिलाड़ी संध्या तिवारी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीता। उन्होंने यह पदक अंडर-52 किग्रा वर्ग में अर्जित किया। वहीं आईईएस यूनिवर्सिटी के जूडो खिलाड़ी विशाल जाट ने अंडर-73 किग्रा में कांस्य पदक जीता। तैराकी



प्रतियोगिता में भोपाल तैराकी संघ के तैराक आर्यन एस गणेश ने 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक स्पर्धा में 30.10 सेकंड का समय निकाल कर रजत पदक प्राप्त किया। स्पर्धा का स्वर्ण विदित एस शंकर और कांस्य यश गुल्हाने ने जीता। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि एसोसिएशन के अंवेष सिंह ने 1500 मी. फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 17:12.36 समय निकाल कर कांस्य पदक प्राप्त किया।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल

## नीरू ने गोल्ड, मनीषा ने जीता सिल्वर

**भोपाल.** उदयपुर, राजस्थान में 24 से 29 नवम्बर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के ट्रैप वूमेंस इवेंट में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की निशानेबाज़ नीरू ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। शूटर मनीषा कीर ने रजत पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने तकनीक, लक्ष्य साधना और स्थिर मानसिकता का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रभुत्व दिखाया। ट्रैप वूमेंस इवेंट में




जीत हासिल कर नीरू और मनीषा कीर ने न सिर्फ मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया, बल्कि टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा का उच्च स्तर भी स्थापित किया।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल

## मध्यप्रदेश की संध्या तिवारी ने जूडो में जीता कांस्य पदक



**भोपाल.** उदयपुर, राजस्थान में 25 से 28 नवंबर तक आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी जूडो प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश जूडो अकादमी की खिलाड़ी संध्या तिवारी (-52 किग्रा वर्ग) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में देशभर की प्रमुख विश्वविद्यालयों से आए श्रेष्ठ जूडोकाओं के बीच कड़े मुकाबले हुए। संध्या तिवारी ने अपने वर्ग में उत्कृष्ट तकनीक, फुर्ती और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए पदक सुनिश्चित किया। संध्या मध्यप्रदेश जूडो अकादमी में उपलब्ध वैज्ञानिक और आधुनिक प्रशिक्षण पद्धति, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को दी जा रही उत्कृष्ट खेल सुविधाओं और अनुभवी कोचों के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल

**खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मध्यप्रदेश की चमक**

## फेंसिंग में मोहित श्रीवास का गोल्ड, जूडो में विशाल जाट ने जीता कांस्य

**भोपाल.** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। फेंसिंग इवेंट में आरएनटीयू विश्वविद्यालय के मोहित श्रीवास ने ईपी इंडिविजुअल श्रेणी में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने हर चरण में विरोधियों को मात दी। टेबल 32 में गौरव ठाकुर को 15-5, टेबल 16 में गुजरात यूनिवर्सिटी के जाला हर्षवर्धन को 15-9, क्वार्टर फाइनल में रोहित सोमन को 15-8 और सेमीफाइनल में जेएनडीयू के परमजीत को 15-9 से हराने के बाद फाइनल मुकाबले में जेएनडीयू के सुफियान को 15-14 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**जूडो में विशाल जाट ने जीता कांस्य:** उदयपुर में आयोजित जूडो प्रतियोगिता में एमपी जूडो अकादमी के खिलाड़ी विशाल जाट ने पुरुष (-73 किलोग्राम) वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# नवदुनिया,भोपाल

## मिनी ब्राजील विचारपुर के खिलाड़ियों को उपलब्ध कराएंगे जरूरी सुविधाएं : सीएम

### जर्मनी के फुटबाल कोच डाइटमार बीयर्सडार्फ ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

नवदुनिया प्रतिनिधि, शहडोल : जर्मनी के एक प्रतिष्ठित फुटबाल क्लब के कोच डाइटमार बीयर्सडार्फ और मिनी ब्राजील के नाम से प्रसिद्ध शहडोल के विचारपुर गांव के पांच फुटबाल खिलाड़ी मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मिले। विचारपुर के फुटबाल खिलाड़ियों ने जर्मनी में प्राप्त प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया। डाइटमर बीयर्सडार्फ और उनके सहयोगी मैनुअल शेफर ने विचारपुर आने के बाद का अनुभव भी बताया। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा। खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान की जरूरत बताई तो सीएम ने आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।



डाइटमार बीयर्सडार्फ के साथ मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव। ● सौजन्य : जनसंपर्क विभाग

मुख्यमंत्री से बातचीत के बाद अब विचारपुर के खिलाड़ियों को विशेष सुविधाएं मिलने की उम्मीद है।

स्थानीय कोच लक्ष्मी सहीश ने बताया कि विदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर के मैदान में प्रशिक्षण लिया है, लेकिन विचारपुर में अभी व्यवस्थित मैदान तक नहीं है। उम्मीद है कि अब जल्द ही खेल मैदान बनेगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भी विचारपुर के खिलाड़ियों की प्रशंसा की थी और विचारपुर को मिनी ब्राजील की संज्ञा दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के माध्यम से विचारपुर के चार फुटबाल खिलाड़ियों और कोच को प्रशिक्षण के लिए जर्मनी भिजवाया था।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित
समाचार पत्र

# फ्री प्रेस,भोपाल



## 'MP needs age group-specific coaches to train footballers methodically'

Benita

[illegible]

**How did you come to know about Mini Brazil?**

[illegible]

**Why did you decide to invite them to train in Germany?**

[illegible]

**What did you feel about the potential of these players after meeting them in Germany?**

[illegible]

> The most important thing is that they have fun, that they feel confident and that they learn from football – be strong, push through your play but also respect your teammates and your opponents

**Why did you decide to travel to India to meet them?**

[illegible]

Dietmar Beiersdorfer

[illegible]

**What was your impression after visiting Vicharpur and meeting players' parents and villagers?**

[illegible]

**What kind of challenges do you see that the players are facing be it in terms of infrastructure, training, nutrition etc?**

[illegible]

**Is the training infrastructure in Vicharpur and Bhopal good enough?**

[illegible]

**Do you have future plans for players?**

[illegible]

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# दैनिक भास्कर,भोपाल

**बड़ी झील में रोइंग • आज से शुरू होंगी रेस**

## 23 राज्यों के 500 खिलाड़ी पांच दिनों तक दिखाएंगे दम

स्पोर्ट्स रिपोर्टर | भोपाल

राजधानी की बड़ी झील की लहरों में देश के 500 से ज्यादा रोइंग प्लेयर पांच दिनों दम दिखाएंगे। यह सभी 45वीं जूनियर नेशनल रोइंग और 8वीं इंटर स्टेट चैलेंजर्स में भाग लेने आए हुए हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चैंपियनशिप का उदघाटन करते हुए कहा कि राज्य सरकार युवाओं के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। खेल विभाग प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रहा है। पुराने समय में नौकायन, तैराकी और जल प्रशिक्षण को सामरिक और शारीरिक दक्षता का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता था। वही परंपरा आज वॉटर स्पोर्ट्स के रूप में हमारे सामने है। इस मौके पर खेल मंत्री विश्वास सारंग और महापौर मालती राय आदि उपस्थित थीं।

दिनांक 27 नवम्बर 2025 को प्रकाशित समाचार पत्र

# पत्रिका,भोपाल



मिली सुविधा

बंजारी के इंडोर स्टेडियम में पहले दिन खिलाड़ियों ने बैडमिंटन कोर्ट पर बहाया पसीना

## कोलार स्टेडियम में खेल गतिविधियां शुरू, खिलाड़ियों को मिली राहत

सर्वसुविधा युक्त इंडोर हॉल में मिलेंगी सभी सुविधाएं